an>

Title: Demand for recruitment in Government jobs on the merit basis in Himachal Pradesh.

**श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी) :** उपाध्यक्ष महोदय, गत दो वÂर्षों से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के बेरोजगार युवकों के लिए बहुत सी योजनाएं प्रारंभ की हैं, जिनसे देश में बेरोजगार युवकों को रोजगार प्राप्त करने में भारी सहायता मिली है। पहाड़ी क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम आदि से बेरोजगार युवकों का स्वरोजगार के प्रति आकÂर्षण और रुचि बढ़ी है।

उपाध्यक्ष महोदय, इन बेरोजगार युवकों के लिए आशा की किरण बना यह कार्यक्रम उस वक्त निराशा में परिवर्तित हो जाता है जब उन्हें सरकारी क्षेत्र की नौकरियों के लिए किसी विशेÂष सिफारिश की तलाश करनी पड़ती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दो वÂर्ष पूर्व घोÂ◌ाणा की थी कि सरकारी नौकरियां, जिनमें श्रेणी तीन ओर चार के पद शामिल हैं ये पद साक्षात्कार में मेरिट के आधार पर भरे जाएंगे, जिससे केन्द्र तथा कुछ राज्यों में यह पद्धति लागू होने से सिफारिश व भ्रÂष्टाचार का बोलबाला समाप्त हो गया है। लेकिन इस आदेश का अनुपालन कुछ राज्यों में कदापि नहीं हो रहा है। उन राज्यों में जहां विधान सभा चुनाव निकट भविÂष्य में होने वाले हैं। इन आदेशों के परिणामस्वरूप बेरोजगार युवकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में 8,92,988 से भी अधिक बेरोजगार केवल सरकारी नौकरियों पर ही आस लगाए बैठे हैं।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरकार तुरंत हस्तक्षेप करे और हिमाचल प्रदेश सहित सभी राज्यों को नियुक्तियों के लिए प्रधानमंत्री जी के आदेशों का पालन करने की हिदायत दी जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Shri Ram Prasad Sarmah.